**डा0 ए0एस0 उनियाल, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में यूथ रेडक्रास (वाई0आर0सी0) की उप समिति की बैठक दिनांक 17.02.2025 का कार्यवृत्त :–**

**उपस्थिति :–**

1. डा0 ए0एस0 उनियाल, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड।
2. श्री रविन्द्र मोहन काला, राज्य सचिव, भारत स्काउट गाईड।
3. डा0 सुनैना रावत, राज्य एन0एस0एस0 अधिकारी।
4. नीता गुप्ता, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, एन0सी0सी0 ग्रुप हैडक्वार्टर।
5. डा0 हरीश चन्द्र शर्मा, उप सचिव/प्रभारी महासचिव, भारतीय रेडक्रास समिति, उत्तराखण्ड।
6. श्री मुंशी चौमवाल, आपदा प्रबन्धन समन्वयक, भारतीय रेडक्रास समिति, उत्तराखण्ड।
7. श्री आशीष नेगी, लेखाकार, भारतीय रेडक्रास समिति, उत्तराखण्ड।

**एजेण्डा बिन्दु :–**

1. यूथ रेडक्रास आर0सी0– 01, आर0सी0– 02 एवं आर0सी0– 03 परीक्षा प्रश्न पत्र का निर्धारण।
2. परीक्षा आयोजित किये जाने हेतु समयावधि का निर्धारण।
3. परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यार्थियों हेतु अधिमान दिये जाने पर चर्चा।
4. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर चर्चा।

सर्वप्रथम डा0 हरीश चन्द्र शर्मा, प्रभारी महासचिव, द्वारा बैठक में उपस्थित बैठक की अध्यक्षता कर रहे डा0 ए0एस0 उनियाल, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा सहित उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए, एजेण्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति चाही। चेयरमैन, यूथ रेडक्रास की उपसमिति की अनुमति उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**बिन्दु संख्या– 01**

बैठक में प्रभारी महासचिव द्वारा अवगत कराया गया कि, यूथ रेडक्रास की बैठक का कार्यवृत्त संख्याः **भा.रे.क्र.स.उ./19/2024–25/33** दिनांक 12 अप्रैल, 2024 में लिए गये निर्णयों के क्रम में उत्तराखण्ड के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों, निजी एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों, राजकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों, चिकित्सा शिक्षा संस्थानों एवं संस्कृत शिक्षा संस्थानों में यूथ रेडक्रास इकाई का गठन एवं विभिन्न गतिविधियों के साथ ही यूथ रेडक्रास में पंजीकृत छात्र–छात्राओं के लिए आर0सी0– 1(रेडक्रास–1), आर0सी0– 2 व आर0सी0– 3 प्रमाण पत्र हेतु परीक्षाऐं आयोजित किये जाने हेतु यूथ रेडक्रास परीक्षा का आयोजन, मानक एवं प्रमाण पत्र हेतु संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड के निर्देशन में एन0एस0एस0, एन0सी0सी0 एवं रोवर्स–रैंजर्स/भारत स्काउट गाईड के राज्य प्रभारी/निदेशक द्वारा पेपर सेट तैयार किये जाने तथा परीक्षा के आयोजन के लिए ऑनलाईन व्यवस्था या विश्वविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों, चिकित्सा शिक्षा संस्थानों एवं संस्कृत शिक्षा संस्थानों के निदेशालय स्तर से करवाये जाने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में यूथ रेडक्रास आर0सी0–01, आर0सी0– 02 व आर0सी0– 03 के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया –
**आर0सी0 01** – आर0सी01 में रेडक्रास का इतिहास, सिद्धान्त, रेडक्रास सम्बन्धी जानकारी के अतिरिक्त संस्थान/महाविद्यालय स्तर पर यूथ रेडक्रास द्वारा आयोजित न्यूनतम 04 गतिविधियों/जागरुकता अभियान/विभिन्न राष्ट्रीय–अन्तराष्ट्रीय दिवसों के आयोजन (आपदा प्रबधंन, फर्स्ट एड्, वॉश प्रशिक्षण, सड़क सुरक्षा, रक्तदान, स्वच्छता एवं गोद लिए गॉवों में स्वास्थ्य सम्बधित जागरुकता आदि विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग) में सक्रिय भागीदारी आवश्यक होगा, उक्तानुसार सम्बधित संस्थान/महाविद्यालय स्तर के इंचार्ज द्वारा छात्र–छात्रा के सत्यापन के आधार पर आर0सी0– 01 परीक्षा में प्रतिभाग कर सकता है।
**आर0सी0 02**– आर0सी02 के लिए पूर्व में निर्धारित शर्तों के अतिरिक्त, संस्थान/महाविद्यालय स्तर पर यूथ रेडक्रास द्वारा शैक्षणिक वर्ष भर आयोजित न्यूनतम 05 गतिविधियों, प्रशिक्षण/जागरुकता अभियान/विभिन्न

राष्ट्रीय–अन्तराष्ट्रीय दिवसों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी करना होगा। रेडक्रास जिला या राज्य स्तर से आयोजित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/जिला/राज्य स्तर पर आयोजित किसी 01 गतिविधि (ऑन लाइन/ऑफ लाइन) में सम्मलित होना आवश्यक होगा। उक्तानुसार सम्बधित संस्थान/महाविद्यालय स्तर के इंचार्ज के सत्यापन के आधार पर आर0सी0– 02 परीक्षा में प्रतिभाग कर सकता है।

**आर0सी0– 03** में पूर्व निर्धारित शर्तों के अतिरिक्त संस्थान/महाविद्यालय स्तर पर यूथ रेडक्रास द्वारा शैक्षणिक वर्ष भर आयोजित न्यूनतम 06 गतिविधियों/प्रशिक्षण/जागरुकता अभियान/विभिन्न राष्ट्रीय–अन्तराष्ट्रीय दिवसों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी हो। रेडक्रास राज्य स्तर से आयोजित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/जिला/राज्य स्तर पर आयोजित किन्ही 02 गतिविधि (ऑन लाइन/ऑफ लाइन) में सम्मलित होना आवश्यक होगा। महाविद्यालय स्तर पर एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 एवं स्काउट/रोवर्स– रैंजर्स द्वारा आयोजित विशेष शिविर में एक दिन के बौधिक सत्र में छात्रों को रेडक्रास एवं यूथ रेडक्रास सम्बधित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करनी होगी, इसके लिए यूथ रेडक्रास में पजीकृत छात्र–छात्राओं का सहयोग लिया जाये। उक्तानुसार सम्बधित संस्थान/महाविद्यालय स्तर के इंचार्ज के सत्यापन के आधार पर ही आर0सी0– 03 परीक्षा में प्रतिभाग कर सकता है। उक्त समस्त परीक्षाओं को विश्वविद्यालय स्तर से आयोजित किये जाने हेतु सम्बन्धित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक की जाएगी।

**(कार्यवाहीः महासचिव, भा0रे0क्रा0स0उ0/निदेशालय उच्च शिक्षा/एन0एस0एस0 उत्तराखण्ड/ कुलपति विश्वविद्यालय/प्राचार्य महाविद्यालय)**

**बिन्दु संख्या– 02**

बैठक में प्रभारी महासचिव द्वारा अवगत कराया गया कि, यूथ रेडक्रास आर0सी0–01, आर0सी0– 02 व आर0सी0– 03 की परीक्षा के आयोजन की तिथि निर्धारण के सम्बन्ध में चर्चा की गई। चर्चा के दौरान संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा अवगत कराया गया कि, उक्त परीक्षा, विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित परीक्षाओं के साथ यूथ रेडक्रास आर0सी0–01, आर0सी0– 02 व आर0सी0– 03 की परीक्षाओं को आयोजित किये जाने हेतु सम्बन्धित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक आहूत की जाएगी।

**(कार्यवाहीः महासचिव, भा0रे0क्रा0स0उ0/निदेशालय उच्च शिक्षा/कुलपति सम्बन्धित विश्वविद्यालय)**

**बिन्दु संख्या– 03**

बैठक में यूथ रेडक्रास आर0सी0–01, आर0सी0– 02 व आर0सी0– 03 की परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को अधिमान दिये जाने पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि, एन0एस0एस0, एन0सी0सी0, रोर्वस–रैंजर्स की भांति अधिमान दिये जाने हेतु मा0 उच्च शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में आहूत बैठक के दौरान विश्वविद्यालय स्तर पर स्नात्कोत्तर कक्षाओं में प्रवेश, बी0एड0, एम0एड0, बी0पी0एड0, पी0एच0डी0, डी0एल0एड0 के प्रवेश में अधिमान दिये जाने हेतु प्रस्ताव रखा जाएगा।

**(कार्यवाहीः महासचिव, भा0रे0क्रा0स0उ0/निदेशालय उच्च शिक्षा/कुलपति विश्वविद्यालय/निजी सचिव, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री)**

**बिन्दु संख्या– 04**

बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्णय लिया गया।

1. संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा निर्देश दिये गये कि, उत्तराखण्ड के समस्त विश्वविद्यालय (राज्य/निजी) जिनके द्वारा यूथ रेडक्रास इकाई में पंजीकरण अथवा गठन की कार्यवाही नहीं की गयी वे दिनांक 28 फरवरी, 2025 तक अनिवार्य रूप से यूथ रेडक्रास में पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त के अतिरिक्त केन्द्रीय विश्वविद्यालयों एवं एफ0आर0आई0 देहरादून से भी अपेक्षा की गई,

उत्तराखण्ड में आपदाओं की संवेदनशीलता एवं संभावित आपदाओं के दौरान स्वयंसेवक तैयार किये जाने हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर भी यूथ रेडक्रास का गठन करेंगे।

**(कार्यवाहीः महासचिव, भा0रे0क्रा0स0उ0/निदेशालय उच्च शिक्षा/कुलपति विश्वविद्यालय/केन्दीय विश्वविद्यालय/एफ0आर0आई0)**

2. संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा निर्देश दिये गये कि, पोर्टल पर जितने भी उच्च शैक्षणिक संस्थानों में छात्र–छात्राओं के पंजीकरण हुए है। उक्त की सूची तैयार की जाए ताकि, स्पष्ट हो सके कि, वर्तमान तक कितने छात्र–छात्रा यूथ रेडक्रास में पंजीकरण हुए हैं। उक्त के अतिरिक्त निर्देश दिये गये कि, यूथ रेडक्रास में पंजीकृत छात्र–छात्राओं में एन0एस0एस0, एन0सी0सी0, एवं रोवर्स– रैंजर्स के 10 प्रतिशत छात्र–छात्रा होगें। उक्त एन0एस0एस0, एन0सी0सी0, रोवर्स– रैंजर्स के छात्र–छात्रा जो यूथ रेडक्रास में पंजीकृत है, उन्हें भी यूथ रेडक्रास अभियान में सम्मलित किया जाए तथा उनका सहयोग अन्य गतिविधियों में लिया जाए। महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर राज्य स्तर से तैयार रेडक्रास के संक्षिप्त विवरण को अपलोड किया जाये। यूथ रेडक्रास में पंजीकृत छात्रों की सूची, इंचार्ज (रेडक्रास प्रभारी एवं सह प्रभारी) का विवरण भी पोर्टल पर अपलोड किया जाये, ताकि सभी छात्र अवलोकन कर सकें।

**(कार्यवाहीः महासचिव, भा0रे0क्रा0स0उ0/एन0एस0एस0 उत्तराखण्ड /एन0सी0सी0 उत्तराखण्ड/भारत स्काउट गाईड उत्तराखण्ड/कुलपति विश्वविद्यालय/केन्दीय विश्वविद्यालय/एफ0आर0आई0/प्राचार्य महाविद्यालय)**

3. संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा निर्देश दिये गये कि, जिला स्तर पर यूथ रेडक्रास गतिविधियों के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी नामित किये गये है, नोडल अधिकारियों के साथ रेडक्रास सम्बन्धित जानकारी, यूथ रेडक्रास में छात्र–छात्राओं का ऑन लाइन पंजीकरण एवं यूथ रेडक्रास आर0सी0–01, आर0सी0– 02 व आर0सी0– 03 की विषय–वस्तु सम्बधित जानकारी साझा करने हेतु प्रशिक्षण एवं सम्बन्धित गतिविधियों हेतु माह मार्च, 2025 के प्रथम सप्ताह में प्रशिक्षण तिथि नियत की जाए। यूथ रेडक्रास के क्षेत्र में जिला एवं राज्य स्तर पर पुरस्कार हेतु जिला स्तर पर 03 एवं राज्य स्तर पर अधिकतम 10 यूथ रेडक्रास में पंजीकृत छात्र–छात्राओं द्वारा वर्ष भर किये गये कार्यों एवं उसके प्रमाण पत्रों की जॉच करते हुए जिला एवं राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा ऑफलाईन/ऑन लाईन साक्षात्कार लिया जाएगा, उत्कृष्ट प्रतिभागियों को जिला एवं राज्य स्तर पर सम्मानित किया जायेगा, इसके लिए यूथ रेडक्रास की उप समिति की आगामी बैठक में राज्य स्तर से गाइड लाइन एवं कमेटी का निर्धारण किया जायेगा।

**(कार्यवाहीः महासचिव, भा0रे0क्रा0स0उ0/प्राचार्य महाविद्यालय/नोडल अधिकारी)**

4. संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा निर्देश दिये गये कि, यूथ रेडक्रास में पंजीकृत छात्र–छात्राओं के लिए एक पॉकेट डायरी तैयार की जाए, जिसमें रेडक्रास से सम्बन्धित बिन्दु एवं महत्वपूर्ण दिवसों के साथ ही आवश्यक आपातकालीन दूरभाष नम्बर भी रक्षित हों। पॉकेट डायरी में छात्र–छात्राओं द्वारा वार्षिक गतिविधियों का अंकन किया जाएगा। उक्त पॉकेट डायरी का रेडक्रास प्रभारियों द्वारा सत्यापन किया जाएगा, जो कि मूल्यांकन का आधार बनेगा। उक्त के अतिरिक्त महाविद्यालय स्तर पर यूथ रेडक्रास द्वारा वर्षभर में किये गये कार्यों की संक्षिप्त वार्षिक पत्रिका भी तैयार की जाय, नोडल एवं राज्य स्तर पर समस्त संस्थानों/महाविद्यालयों की वार्षिक गतिविधियों को संकलित कर वार्षिक पत्रिका तैयार की जाए ताकि यूथ रेडक्रास गतिविधियों को आम जनमानस तक पहुँचाया जा सकें।

**(कार्यवाहीः महासचिव, भा0रे0क्रा0स0उ0/प्राचार्य महाविद्यालय/नोडल अधिकारी)**

अन्त में संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, बैठक का समापन किया गया।

(डा0 ए0एस0 उनियाल)
संयुक्त निदेशक
उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड।

(डा0 हरीश चन्द्र शर्मा)
प्रभारी महासचिव,
भारतीय रेडक्रास समिति, उत्तराखण्ड।

## ।। भारतीय रेडक्रास समिति, उत्तराखण्ड।।

**पत्रांक – भा.रे.क्र.स.उ./19B/2024–25/583** **दिनांकः 25 फरवरी, 2025**

**प्रतिलिपि :– निम्नांकितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. सचिव, श्री राज्यपाल, राजभवन सचिवालय, देहरादून।
2. सचिव, उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड शासन।
3. निजी सचिव, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड।
4. चेयरमैन मैनेजिंग कमेटी, भारतीय रेडक्रास समिति उत्तराखण्ड।
5. चेयरमैन यूथ रेडक्रास समिति, भारतीय रेडक्रास समिति उत्तराखण्ड।
6. कुलपति, विश्वविद्यालय/केन्द्रीय विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड।
7. प्राचार्य समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, उत्तराखण्ड।
8. गार्ड फाईल

(डा0 हरीश चन्द्र शर्मा)
प्रभारी महासचिव,
भारतीय रेडक्रास समिति उत्तराखण्ड।